भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सी.ई.एन) सं.–02/2026

तकनीशियन पदों की भर्ती हेतु

सांकेतिक सूचना

नीचे दी गई तालिका में उल्लेखित तकनीशियन ग्रेड–I सिग्नल एवं तकनीशियन ग्रेड–III के विभिन्न पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.07.2026 है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए। **(https://www.rrbapply.gov.in)**

आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 30.06.2026

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 29.07.2026 (23:59 बजे)

पद का नाम	वेतन स्तर (7वें सीपीसी के अनुसार)	प्रारंभिक वेतन (₹)	चिकित्सा मानक	आयु (01.07.2026 को)	रिक्तियां (सभी रे.भ.बो.)	कुल रिक्तियां (सभी रे.भ.बो.)
तकनीशियन ग्रेड–I सिग्नल	5	29,200/–	बी–1	18–33 वर्ष	323	6557
तकनीशियन ग्रेड–III	2	19,900/–	विस्तृत के.रो.अधि. के अनुसार	18–30 वर्ष	6234	

नोट.

1. प्रत्येक उम्मीदवार को किसी एक वेतन स्तर के लिए केवल एक रे.भ.बो. में आवेदन करने की अनुमति है, और उस वेतन स्तर के अंतर्गत अधिसूचित किसी एक या सभी पदों के लिए केवल एक ही सामान्य ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
2. प्रत्येक वेतन स्तर के लिए अलग से आवेदन पत्र जमा करना होगा।
3. उम्मीदवारों को पुरजोर सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपने प्राथमिक विवरणों का सत्यापन आधार के माध्यम से करें, ताकि गैर–आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में विशेष विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा और विलंब से बचा जा सके।
4. ''आधार'' के माध्यम से सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम और जन्मतिथि को दसवीं कक्षा के पास प्रमाणपत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम और जन्मतिथि से 100% मिलान करना सुनिश्चत करें। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो तथा नवीनतम बायोमैट्रिक (फिंगरप्रिंट एवं आईरिस) अद्यतन किया जाना आवश्यक है।
5. यह सूचना केवल सांकेतिक है, जिसका उद्देश्य संभावित अभ्यर्थियों को आगामी सी.ई.एन के बारे में सूचित करना तथा आवेदन के लिए आवश्यक प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के साथ तैयार रहने हेतु अवगत कराना है। साथ ही यह स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियम, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएँ तथा अन्य आवश्यकताएँ विस्तृत सी.ई. एन संख्या 02/2026 (तथा समय–समय पर जारी होने वाले किसी भी संशोधन सहित) के अनुसार ही सख्ती से लागू होंगी, जिसे नीचे सूचीबद्ध सभी रे.भ.बो. की आधिकारिक वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

सी.ई.एन. सं. 02/2026 में भाग लेने वाले रेलवे भर्ती बोर्डों की वेबसाइट
केंद्रीकृत वेबसाइट–rrb.indianrailways.gov.in

अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in	अजमेर www.rrbajmer.gov.in	बेंगलूरू www.rrbbnc.gov.in	भोपाल www.rrbbhopal.gov.in
भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in	बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in	चंडीगढ़ www.rrbcdg.gov.in	चेन्नई www.rrbchennai.gov.in
गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in	जम्मू–श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in	कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in	मालदा www.rrbmalda.gov.in
मुंबई www.rrbmumbai.gov.in	मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in	पटना www.rrbpatna.gov.in	प्रयागराज www.rrbpryj.gov.in
रांची www.rrbranchi.gov.in	सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in	सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in	तिरुवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in
गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in	*****	*****	*****

रे.भ.बो./अज/विज्ञापन/सीईएन–02/2026
दिनांक: 29.06.2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड